खबर कोना

हावड़ा के एक टीकाकरण शिविर में कोरोना रोधी टीके की पहली खुराक लेतीं बुजुर्ग महिला।

'फिलहाल कोलकाता में घर-घर टीकाकरण संभव नहीं'

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

कोलकाता नगर निगम के प्रशासक और राज्य के शहरी विकास मंत्री फरहाद हकीम ने कहा है कि मुंबई और दिल्ली की तरह फिलहाल महानगर कोलकाता में घर-घर जाकर टीकाकरण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल नगर निगम में व्यवस्थाएं इतनी दुरुस्त नहीं हैं कि यहां घर-घर जाकर टीकाकरण किया जा सके। भविष्य में फोन पर अनुरोध करने के बाद टीकाकरण की व्यवस्था की जाएगी। टीकाकरण प्रक्रिया में सुस्ती को लेकर फरहाद हकीम ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की दुर्बलता की वजह से धीमी गति से टीकाकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीकाकरण के बजाए बंगाल में राजनीति करने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया।

चुनाव बाद हिंसा मामला : राष्ट्रपति को पत्र लिखेंगे 18 भाजपा सांसद

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

चुनाव बाद हिंसा मामले को लेकर अब भाजपा के 18 सांसद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पत्र लिखकर उनके हस्तक्षेप की मांग करेंगे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि अब तक भाजपा के लगभग 40 कार्यकताओं की हत्या की गई है।

हम न केवल इससे राष्ट्रपति को अवगत करवाएंगे, बल्कि उनके हस्तक्षेप की अपील भी करेंगे जिससे चुनाव बाद हिंसा पर लगाम लगाई जा सके। यही कारण है कि भाजपा के 18 सांसद राष्ट्रपति को पत्र देने वाले हैं।

स्वास्थ्य साथी कार्ड के बावजूद चुकाने पड़े इलाज के पैसे

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

स्वास्थ्य साथी कार्ड होने के बावजूद इलाज न कर मरीज के परिवार से नकद रुपए लेने की शिकायत बारासात के एक नर्सिंग होम के खिलाफ की गई थी।

मामले को लेकर प्रशासन ने सख्ती भी दिखाई और शिकायत में सच्चाई के सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर नर्सिंग होम को मरीज के परिजनों को इलाज के लिए गए 34 हजार 60 रुपए वापस करने पड़े।

स्वास्थ्य विभाग की इस भूमिका को लेकर मरीज के परिजनों ने सराहना करते हुए कहा कि उन्हें बंगाल सरकार की व्यवस्था पर पूरा भरोसा था और यह भरोसा आज सही साबित हुआ है।

'नारद स्टिंग' मामला

खुद को बचाने के लिए दिल्ली में हैं शुभेंदु अधिकारी: कुणाल घोष

कोलकाता, 8 जून (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच सोमवार को बैठक हुई। इसे लेकर तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि भाजपा विधायक 'नारद स्टिंग' टेप मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) द्वारा मुकदमा चलाए जाने से खुद को बचाने के लिए दिल्ली गए हैं।

तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव एवं पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद के हालात को लेकर अधिकारी की शाह के साथ बैठक 'नाटक' है और भले ही भाजपा ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल के खिलाफ आरोप लगाए हों, लेकिन लोग मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का समर्थन करना जारी रखेंगे। बनर्जी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती राज्य सरकार में मंत्री रहे अधिकारी 2021 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

भाजपा की राज्य इकाई ने आरोप लगाया है कि राज्य में विधानसभा चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद से 'तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध गुंडे' उसके कार्यकर्ताओं पर हमले कर रहे हैं। घोष ने कहा कि अधिकारी लोगों के सामने नाटक कर रहे हैं। उन्हें वह रटना होगा, जो उनकी पार्टी कह रही है। उन्होंने शाह से मुलाकात की, क्योंकि वह 'नारद स्टिंग' मामले में अभियोग से खुद को बचाना चाहते थे। तृणमूल सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने घोष के सुर में सुर मिलाते हुए कहा कि अधिकारी जैसे भाजपा नेता पार्टी की हार को पचा नहीं पाए हैं।

> **"** *शुभेंदु अधिकारी* लोगों के सामने नाटक कर रहे हैं। उन्हें वह रटना होगा, जो उनकी पार्टी कह रही है। उन्होंने शाह से मुलाकात की, क्योंकि वह 'नारद स्टिंग' मामले में अभियोग से खुद को बचाना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि हम इन बैठकों को अधिक महत्व नहीं देते। इस राज्य के लोग तृणमूल के पीछे मजबूती से खड़े हैं। अधिकारी, पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत पिछली सरकार में मंत्री थे, लेकिन राज्य में इस साल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हो गए। शाह के कार्यालय ने गृह मंत्री और पश्चिम बंगाल के नेता की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया कि शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

पार्टी के सूत्रों ने बताया कि राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद शाह से अधिकारी की यह पहली मुलाकात थी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से भी मुलाकात की। वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात करेंगे। एक सूत्र ने बताया कि अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर सकते हैं। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने शाह के साथ राज्य से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की और बंगाल के कल्याण के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि माननीय गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह बंगाल के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

दिलीप घोष की बैठक में शामिल नहीं हुए मुकुल समेत कई नेता

दल बदलने की लगाई जा रही अटकलें

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष की ओर से मंगलवार को हेरिटेज के भाजपा कार्यालय में एक बैठक बुलाई गई थी। कहा गया था कि सभी लोगों को इसमें उपस्थित होना है। कोरोना के कारण कई लोग कार्यालय नहीं पहुंचे, लेकिन आभासी तौर पर बैठक में शामिल हुए। लेकिन, मुकुल राय, सब्यसाची दत्त और शुभेंदु अधिकारी के करीबी माने जाने वाले राजीव बनर्जी बैठक में उपस्थित नहीं हुए।

दरअसल, दत्त और बनर्जी तो विधानसभा चुनाव में पराजित होने के बाद से ही तृणमूल कांग्रेस में लौटने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए उनकी गैरहाजरी लोगों की समझ में आ रही है। लेकिन मुकुल राय के नहीं पहुंचने को लेकर ज्यादा चर्चा गर्म है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष और मुकुल राय के बीच शुरू से ही 36 का आंकड़ा रहा है। इसके पहले कई मौके पर टकराव की हालत देखने को मिल चुकी है। विधानसभा में विरोधी दल के नेता के लिए मुकुल के नाम की चर्चा के बीच शुभेंदु को चुना गया, तब नाराजगी और बढ़ गई। इसके बाद मुकुल राय की पत्नी कृष्णा राय कोरोना संक्रमित होकर अस्पताल में भर्ती हुई तो किसी भाजपा नेता ने सुध नहीं ली। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का संदेश और अभिषेक बनर्जी के अस्पताल में जाकर राय की पत्नी का हालचाल पूछने और उनके बेटे शुभ्रांशु से मुलाकात के बाद मीडिया में खबरें आईं तो दिलीप घोष अस्पताल मिलने गए। इसके बाद शुभ्रांशु ने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कई बयान जारी किए, हालांकि मुकुल राय ने कुछ नहीं कहा।

हालांकि सूत्रों के मुताबिक, पत्नी की शारीरिक हालत खराब होने के कारण वे बैठक में नहीं गए। जबकि एक टीवी चैनल पर मुकुल राय ने कहा कि मुझे बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं है, इन सब [illegible] नहीं हूं। दूसरी ओर, दिलीप घोष ने कहा कि सभी लोगों की तरह मुकुल को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा था कि अगर परिस्थिति अनुकूल रहती है तो बैठक में शामिल होने के लिए आऊंगा। तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि भाजपा के कई विधायकों ने तृणमूल में शामिल होने के लिए संपर्क किया है। इससे दल बदलने की अटकलें एक बार फिर गर्म हो गई हैं।

पार्क स्ट्रीट इलाके की एपीजे हाउस इमारत में लगी आग

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में बीते 24 घंटे के भीतर दूसरी बार आग लगने की घटना से सनसनी फैल गई। मंगलवार की सुबह यहां की मशहूर बिल्डिंग एपीजे हाउस बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल पर आग लग गई। दमकल की 12 गाड़ियों ने कई घंटे मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। कोरोना के कारण लागू पाबंदियों से कार्यालय में लोगों की उपस्थिति कम थी, लेकिन बिल्डिंग में बैंक के कार्यालय हैं, उन्हें खाली करा दिया गया।

दमकल मंत्री सुजित बसु और कोलकाता नगर निगम के प्रशासक फरहाद हकीम भी घटना स्थल पर पहुंचे।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मंगलवार को दोपहर लगभग साढ़े बजे नौ मंजिला बिल्डिंग के पांचवें तल पर स्थित एक दफ्तर में आग भड़क उठी। आग का धुआं जब फैलने लगा तो फायर अलार्म बजने के बाद दफ्तर में मौजूद कर्मचारी और दूसरे लोग

सुरक्षित बाहर निकल गए। दमकल के पहुंचने से पहले सुरक्षा गार्डों ने बिल्डिंग में मौजूद आग बुझाने वाले उपकरणों से आग पर काबू पाने की कोशिश की। इससे पहले 2012 में एपीजे बिल्डिंग की छठी मंजिल पर स्थित एक निजी बैंक के सर्वर रूम में आग लग गई थी। उसके बाद साल 2018 में भी इस बिल्डिंग में आग लगी थी।

तृणमूल नेता मदन मित्रा के आवास पर आग लगी

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके में मंगलवार की सुबह तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा के आवास पर आग लग गई।

अधिकारियों ने बताया कि तीन दमकल वाहनों को आग बुझाने के लिए भेजा गया है। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। मकान के एक कमरे में आग लगी देख कर मित्रा और उनके परिवार के सदस्य घर के बाहर निकल गए। घबराए हुए मित्रा को मकान के बाहर बैठे देखा गया।

> **"** *आशंका* है कि एक प्यूरीफायर में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी।

दमकल सेवा के एक अधिकारी के अनुसार, माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। अधिकारी ने कहा कि हालांकि आग लगने का असली कारण हमें पता नहीं है, लेकिन आशंका है कि एक प्यूरीफायर में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी। बहरहाल, घटना की जांच की जा रही है।

बिजली गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 27

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

राज्य के अलग-अलग जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। सबसे अधिक नुकसान मुर्शिदाबाद और हुगली के इलाके में हुआ। मुर्शिदाबाद में 9 और हुगली में 11 लोगों ने अपनी जान गंवाई। इसके अलावा पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्वी मेदिनीपुर और बांकुरा में 2-2 लोगों की मौत हुई। वहीं, एक शख्स की मौत नादिया जिले में हुई है। मरने वाले लोगों में 3 महिलाएं भी शामिल हैं। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिवार की आर्थिक मदद का एलान किया गया है।

एक दिन में आकाशीय बिजली गिरने की घटना से इतने ज्यादा लोगों की मौत का विश्लेषण करते हुए मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, गांव में खेतों में काम करने वाले लोगों तक सतर्कता वार्ता पहुंचाने में देरी से इस तरह की मौतें हुई हैं। मालूम हो कि देश भर में औसतन 2,360 लोग साल में इस तरह से मौत का शिकार होते हैं। 2019 में पश्चिम बंगाल में आकाशीय बिजली गिरने के कारण 71 लोगों की मौत हुई थी। देश भर में आकाशीय बिजली गिरने से मरने वालों में 96 फीसद लोगों की मौत ग्रामीण इलाकों में होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मृतकों के परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताई है। इसके अलावा सरकार ने मुआवजे का भी ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्से में बिजली गिरने से मरने वालों के परिवार के लिए पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की मंजूरी दी है। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं, राज्य सरकार ने भी मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा देने का एलान किया है।

राज्य सरकार ने तूफान 'यास' से हुए नुकसान के आकलन के लिए बनाई 24 सदस्यीय कमेटी

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

पिछले महीने आए तूफान 'यास' से हुए नुकसान के आकलन व उससे प्रभावित हुए लोगों तक राहत पहुंचाने की योजना तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 24 सदस्यीय एक कमेटी गठित की है। तूफान से हुए नुकसान को लेकर राज्य सचिवालय नबान्न में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कमेटी गठित करने के बारे में जानकारी दी। कल्याण रुद्र को इस कमिटी का चेयरमैन बनाया गया है। रुद्र राज्य पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

इसके अलावा इस कमेटी में कलकत्ता विश्वविद्यालय, जादवपुर विश्वविद्यालय व विधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। यह कमिटी चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन कर राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। मालूम हो कि तूफान के बाद अधिकारियों के साथ पिछली बैठक में ममता ने प्राकृतिक आपदा को कैसे प्रकृति से ही मिलने वाले संसाधनों का इस्तेमाल कर रोका जा सकता है, उसको लेकर सवाल किया था। उसके बाद अब उन्होंने इस उद्देश्य की पूर्ति व नुकसान के आकलन और क्षतिपूर्ति को लेकर विशेषज्ञों की नई कमेटी बनाई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 11 व 26 जून को आने वाले ज्वार-भाटा को लेकर सतर्क रहने व इससे निपटने की तैयारियों का अधिकारियों को निर्देश दिया।

एटीएम से करोड़ों रुपए उड़ाने के मामले में तीन और गिरफ्तार

कोलकाता, 8 जून (जनसत्ता)।

महानगर की विभिन्न एटीएम मशीनों को बगैर नुकसान पहुंचाए दस दिन के भीतर 10 से ज्यादा एटीएम से दो करोड़ से अधिक रुपए निकालने के आरोप में पुलिस ने तीन और लोगों को विधाननगर इलाके से गिरफ्तार किया है। इसके पहले पुलिस ने गुजरात के सूरत से दो और कोलकाता के दो लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया था। विधाननगर से गिरफ्तार अमित गुप्ता, मोहम्मद वकील और संदीप सिंह को अदालत में पेश किया गया। पहले चार लोगों में दो दिल्ली के और अभी गिरफ्तार तीन लोगों में दो दिल्ली और एक पंजाब का रहने वाला है। इस मामले में कुल मिलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस का कहना है कि विधाननगर इलाके से विभिन्न एटीएम में ब्लैक बॉक्स यंत्र लगा कर करीब ढाई करोड़ रुपए निकाले गए हैं। इसके अलावा नारायणपुर थाना इलाके के एक एटीएम से 21 लाख रुपए भी निकाले गए। नारायणपुर थाना और विधाननगर पुलिस थाना मामले की जांच कर रहा है। एटीएम के सीसीटीवी की मदद से सबसे पहले आरोपी मोहम्मद वकील को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मोबाइल टावर डंप करके और 40 टेक्नीकल सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की गई। पुलिस की एक टीम दिल्ली गई। कंखाली से तीन लोगों को गिरफ्तार करके एक लाख 47 हजार 710 रुपए और 400 अमेरिकी डॉलर, आधार कार्ड, फर्जी पैन कार्ड, 6 मोबाइल फोन, 6 एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप, कुछ दस्तावेज और दो पासपोर्ट बरामद किए गए।

खुफिया पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता में म्यूल एकाउंट भारी संख्या में बढ़ गए हैं। लुटेरों ने एटीएम या बैंक खाते से निकाले पैसे रखने के लिए लोगों के बैंक खाते किराए पर ले रखे हैं।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
केन्द्रीय कार्यालय
78-B, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700 001
सूचना
सेबी (सूचीबद्ध कंपनियों व प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन 2015 के विनियमन 47 के अनुसार 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही व वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों तथा अन्य संबंधित मदों पर विचार करने एवं उनको अनुमोदित करने के लिए निदेशक मंडल की बैठक सोमवार, 14जून 2021 को चेन्नै में आयोजित होने की सूचना दी जाती है।
स्थान: चेन्नै
दिनांक: 07.06.2021
एवं अधिक जानकारी के लिए कृपया कार्यालय अवलोकन करें।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कल्याणी
पश्चिम बंगाल 741 235, भारत
(राष्ट्रीयों, भारत सरकार के महत्व राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान)
Advt. No.: IIITK/Academic/PHD/21/09
आईआईआईटी कल्याणी में पीएच.डी दाखिला 2021-22 (शरद ऋतु सेमेस्टर)
शरद ऋतु सेमेस्टर, 2021-2022 से शुरू हो रहे कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग (सीएसई), इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई), गणित और भौतिकी में पीएच.डी प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अंतिम तिथि: 8 जुलाई, 2021। विवरण के लिए, कृपया www.iiitkalyani.ac.in (पीएच.डी दाखिला 2021-22 विज्ञापन) देखें।
दिनांक: 09 जून, 2021
डिप्टी रजिस्ट्रार

आर्यावर्त बैंक
प्रधान कार्यालय, A-2/46, विजय खण्ड
गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0)- 226010
प्रारूप- 'ए' तुलन पत्र यथा 31 मार्च, 2021
(धनराशि रू. में)

पूँजी एवं देयताएं	नोट सं	यथा 31.03.2021	यथा 31.03.2020
पूंजी	1	1,53,85,43,950.00	1,51,85,43,950.00
आरक्षितियाँ और अधिशेष	2	20,01,70,90,016.01	18,90,73,72,810.94
जमा राशि	3	3,01,90,03,11,411.62	2,80,14,13,28,703.62
ऋण	4	21,11,80,77,708.00	18,16,79,42,717.28
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	5	8,94,80,01,055.41	14,46,81,77,519.28
योग		3,53,23,04,24,781.04	3,33,28,35,65,825.79
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक में नकदी एवं अवशेष	6	16,80,76,41,708.00	14,10,37,19,303.10
ईसी में बैंक एवं मांग पर या अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि	7	85,10,96,85,157.25	89,93,93,51,129.42
निवेश	8	63,90,94,71,416.00	58,92,07,82,448.00
अग्रिम	9	1,80,35,30,66,570.28	1,74,82,30,10,317.79
अचल आस्तियां	10	82,70,31,001.28	75,91,57,220.73
अन्य आस्तियां	11	22,44,20,36,658.95	15,11,74,85,406.72
योग		3,53,23,04,24,781.04	3,33,28,35,65,825.79
आकस्मिक देयताएं	12	1,33,41,71,966.73	1,11,65,99,867.50
संग्रहण हेतु बिल		9,24,06,778.91	9,23,41,276.91
महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ	17		
लेखा टिप्पणियां	18		

प्रारूप- 'बी' मार्च-2021 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि खाता
(धनराशि रू. में)

विवरण	नोट सं	यथा 31.03.2021	यथा 31.03.2020
I- आय			
अर्जित ब्याज	13	26,80,22,71,841.94	23,75,73,99,519.67
अन्य आय	14	4,61,82,47,418.56	3,42,86,33,881.72
योग		31,42,05,19,260.50	27,18,60,33,401.39
II- व्यय			
ब्याज किया गया ब्याज	15	12,26,11,05,968.22	17,48,55,18,166.11
परिचालन व्यय	16	6,94,76,90,294.84	4,84,13,80,554.32
प्रावधान एवं आकस्मिकताएं	16A	11,16,12,55,332.79	7,82,88,30,996.00
योग		30,37,00,51,595.84	29,93,56,49,796.05
III- लाभ / हानि			
वर्ष का लाभ		1,05,05,17,665.07	45,12,99,411.30
घटाइये : आवंटित कर देयताओं का प्रावधान			
घटाइये : पूर्व वर्षों के कर देयताओं का प्रावधान			
वर्ष का निवल लाभ		1,05,05,17,665.07	45,12,99,411.30
IV- विनियोग			
जोड़ान			
i- सांविधिक आरक्षितियाँ		30,00,00,000.00	15,00,00,000.00
ii- इतर आरक्षितियाँ		3,81,92,167.00	77,30,996.30
iii- राजस्व एवं अन्य आरक्षितियाँ			
आवंटित लाभ		NIL	NIL
iv-अन्य आरक्षितियाँ		60,63,25,498.07	15,85,90,845.00
v- आई.टी. विकास फण्ड		NIL	3,00,00,000.00
vi-ए.एल.एम. विकास फण्ड		2,00,00,000.00	3,00,00,000.00
iv- निवेश आरक्षितियाँ		NIL	NIL
v- विशेष आरक्षितियाँ		8,00,00,000.00	3,50,00,000.00
योग		1,05,05,17,665.07	45,12,99,411.30

अध्यक्ष व एक सांसदीय (एस.बी.सिंह) (हर नाथ) (प्रदीप त्रिपाठी) नवाज़ (अशोक कुमार) (टी. पी. श्रवण)
एम.आर.एन.-000483C (अनुज कुमार) बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नामित आर.सी.आई. द्वारा नामित नवाज़ी द्वारा नामित
(सी.ए. अनिल कपूर) (एम. कुमार) (एम. कुमार) (एस. एस. सरना)
लखनऊ, एम.एन.-403661 एस. सरकार द्वारा नामित एस. सरकार द्वारा नामित बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नामित
दिनांक: 02.06.2021, स्थान: लखनऊ निदेशक मंडल

सेवा में,
लेखा परीक्षकों को,
आर्यावर्त बैंक, लखनऊ।
विषय:
1. लेखे आर्यावर्त बैंक, लखनऊ के संलग्न वित्तीय विवरणियों का अवलोकन किया है, जिसमें तुलनपत्र क्या तिथि 31 मार्च, 2021, लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह विवरणी क्या तिथि वर्ष की समाप्ति की तिथि को, एवं लेखा नीतियों का खाता एवं महत्वपूर्ण सूचनाएं सम्मिलित हैं। इन वित्तीय विवरणों में हमारे द्वारा लेखा परीक्षित प्रदान कराविलय एवं 46 शाखाओं के साथ 800 शाखाएं जिनका लेखा (ऐकिक अन्य शाखा अधिकारी द्वारा किया गया है, की वित्तीयियों का समावेश हमारे द्वारा किया गया है। हमारी द्वारा अंकेक्षण की गयी शाखाएं और 13 शाखाएं जिनका अंकेक्षण अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है का कवर बैंक द्वारा संकलित वित्तीय विवरण के ऐकिक लेखाएं तथा वित्तीय विवरण-निर्देशों के अनुसार बिना शर्त रूप से सही पाया गया है। हमारा मत और लेखा-टिप्पणियों के संबंध में हमारे विचार